हर घडी राम गुण गाऊ लिरिक्स - Har Ghadi Ram Gun Gau Lyric

हर घडी राम गुण गाऊं लिरिक्स

घुमा दे ऐसा घोडा घुमा दे
बालाजी संकट दूर भगा दे
मैं तेरे रंग में रंग जाऊं
हर घड़ी राम गुण गाऊं

सिन्दूरी चोला तेरे तन पे है साजे रे
हृदय में तेरे सियाराम बिराजे रे
प्यारे प्यारे दर्श करा दे
के तेरे रंग में रंग जाऊं
हर घड़ी राम गुण गाऊं

कितनो के काम बनाये हैं अब है वारी मेरी
मांगू ना में धन दौलत बस मांगू कृपा तेरी
भक्तों में भक्त बड़ा दुनिया ने माना रे
राम जी के चरणों में तेरा ठिकाना रे
सोइ तू तक़दीर जगा दे
के तेरे रंग में रंग जाऊं
हर घड़ी राम गुण गाऊं

महिमा निराली सारे जग में अजब ही माया है
भेद ना इसका कोई भी जान पाया है
पूनम के संग तेरे गुण सदा गायें हम
चरणों में निंत नित शीश झुकाएं हम
ओ बाबा जीवन सफल बना दे
के तेरे रंग में रंग जाऊं
हर घडी राम गुण गाऊं